# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं0-1 व 2, निकट महिला आई0टी0आई0 कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com


डाउनलोड जल सारथी ऐप

पत्रांक : 2168 / M-20 / 149 दिनांक 12/9/26

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :– **ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 12.09.2026 के पेपर में प्रकाशित ''जल जीवन मिशन के दावों पर उठे सवाल, दूसरे स्रोतों पर निर्भर लोग'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 12.09.2026 के पेपर में प्रकाशित ''जल जीवन मिशन के दावों पर उठे सवाल, दूसरे स्रोतों पर निर्भर लोग'' शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है :–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| कुसमी कल्याणपुर गांव में पानी की व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। गांव में सरकारी नल लगा है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इसका पूरा फायदा नहीं मिल पा रहा है।<br>ऐसे में सरकार की जल जीवन मिशन शहर घर जलश जैसी योजना के उद्देश्य और गांव की हकीकत के बीच फर्क को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस योजना का मकसद ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और भरोसेमंद नल का पानी देना है।<br>ग्रामीणों के मुताबिक, सरकारी नल होने के बावजूद पानी की जरूरत पूरी करने के लिए उन्हें दूसरे साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। रोजाना के कामों के लिए पानी इकट्ठा करना ग्रामीण परिवारों के लिए मुश्किल बना हुआ है। | उक्त शिकायत के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम कुसुमी कल्याणपुर, विकास खण्ड–जगतपुर में पूर्व से अधिष्ठापित इण्डिया मार्का हैण्डपम्प का संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य सम्बन्धित ग्राम पंचायत के स्तर से किया जाता है जो कि पंचायती राज विभाग से सम्बन्धित है। साथ ही अवगत कराना है कि ग्राम कुसुमी कल्याणपुर जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कुसुमी कल्याणपुर सुरजई पेयजल योजना से ग्राम में जलापूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। उक्त योजना पर 01 नग नलकूप, 01 नग शिरोपरी जलाशय (200 के0एल0 / 12 मीटर स्टेजिंग), 18070.00 मीटर वितरण प्रणाली, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग सोलर प्लांट आदि का कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 01 नग नलकूप पूर्ण, 01 नग शिरोपरी जलाशय का 40 प्रतिशत कार्य, 16980.00 मीटर वितरण प्रणाली, 01 नग पम्प हाउस का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, शेष कार्य प्रगति पर हैं। शीघ्रातिशीघ्र उक्त योजना पर समस्त कार्यो को पूर्ण कराकर 01 माह में डायरेक्ट पंपिंग से ग्राम में पेयजल आपूर्ति किया जाना लक्षित है।<br><br> |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**


**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

# कुसमी कल्याणपुर में पानी व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों को परेशानी:जल जीवन मिशन के दावों पर उठे सवाल, दूसरे स्रोतों पर निर्भर लोग

**अभिषेक त्रिपाठी | अलावलपुर (डलमऊ), रायबरेली**2 दिन पहले



पानी व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों को परेशानी।

कुसमी कल्याणपुर गांव में पानी की व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। गांव में सरकारी नल लगा है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें इसका पूरा फायदा नहीं मिल पा रहा है।

ऐसे में सरकार की जल जीवन मिशन 'हर घर जल' जैसी योजना के उद्देश्य और गांव की हकीकत के बीच फर्क को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस योजना का मकसद ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और भरोसेमंद नल का पानी देना है।

ग्रामीणों के मुताबिक, सरकारी नल होने के बावजूद पानी की जरूरत पूरी करने के लिए उन्हें दूसरे साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है। रोजाना के कामों के लिए पानी इकट्ठा करना ग्रामीण परिवारों के लिए मुश्किल बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि नल सिर्फ दिखावा न बनकर रह जाए, बल्कि उससे नियमित और इस्तेमाल करने लायक पानी भी मिलना चाहिए। खासकर महिलाओं और बच्चों को पानी की व्यवस्था के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।

जल ज़ीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश में गांव-गांव पाइप से पानी की व्यवस्था और चालू घरेलू नल कनेक्शन देने पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे में कुसमी कल्याणपुर की स्थिति इस बात पर ध्यान दिलाती है कि योजना के तहत लगी पानी की सप्लाई व्यवस्था जमीन पर कितनी असरदार तरीके से काम कर रही है।

ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मौके पर जाकर सरकारी नल की जांच करने, पानी की नियमित सप्लाई पक्की करने और अगर कोई तकनीकी दिक्कत है तो उसे ठीक कराने की मांग की है।